## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** 12वां चंद्र राहु है, गलत कार्य और लोगों से बचें. धन के साथ साथ प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. किसी खास चीज अच्छा लाभ का योग . सहकर्मियों से मनमुटाव हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें. दुर्गा माता का पूजन करें.

**वृषभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. दोपहर के बाद समय बहुत ही अनुकूल है. अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी दोस्त से धोखा मिल सकता है. आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. गौ माता की सेवा करें.

**मिथुन** आय भाव मे चंद्र है. सात्विक आय ज्यादा लाभकारी होगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी. वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें.

**कर्क** योगकारक समय है. कोई बड़ा लाभ होगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में ना पड़ें. धन आगमन से मन खुश होगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** धर्म से भाग्य उदय होगा. कर्म के लिए दिन अच्छा है. मनोरंजक समय है. ससुराल से अच्छा लाभ का मौका दिख रहा है. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** थोड़ा मानसिक तनाव होगा, पर भाग का साथ मिलेगा. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. यात्रा का योग है.

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कोई नया कार्य कर सकते हैं. शौक की तरफ रुझान रहेगा जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं. कोई बड़ा बदलाव होगा.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. मानसिक उलझन वाला दिन होगा. एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. शिवलिंग पर दूध का अर्पण करें.

**धनु** कार्य में विलंब होने से मन खिन्न होगा. संतान के कार्य पर नजर रखें. धर्म से सही मार्ग मिलेगा. मेहनत व अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस ना खोएं. काला वस्तु का दान करें.

**मकर** आपके प्रभाव से अच्छे लाभ का योग है, पर किसी से विवाद नही करें. माता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. दुर्गा माता का ध्यान करें. जूता और अन्न का दान करें.

**कुंभ** भाई का सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. शिक्षा में बदलाव होगा. नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधो पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या व संयमित खानपान में कोताही ना बरतें. स्वस्थ पर विशेष ध्यान दे.

**मीन** समय सामान्य है, पर किसी से विवाद होगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से संबंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा.। किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

# श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों से निकली प्रभातफेरी

संवाददाता। रांची

श्रीगुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सोमवार को भी प्रभातफेरी शहर के विभिन्न गुरुद्वारा साहिब से निकाली गयी. सिख संगत ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. श्रीगुरु की अमृत वाणी का गायन कर सबको निहाल किया. धन गुरुनानक धन गुरुनानक ... और बोले सो निहाल ... और शबद गायन से शहर का कोना-कोना घंटों गुंजायमान रहा. गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की फेरी में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी भागीदारी निभायी. गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंह सभा की ओर से गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में लगातार प्रभातफेरी निकाली जा रही है. सोमवार को 10वें दिन इसका खास आयोजन किया गया. सुबह छठ के अवसर पर श्रद्धालु जहां सूर्य की आराधना कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर सिख समुदाय जगत गुरु बाबा नानक की वडआई करते हुए अमृत वाणी का कीर्तन कर रहे थे.

ढोल-बाजे के साथ संगत का गायन सबका मन मोहा. मेन रोड, गुरुद्वारा साहिब से निकली फेरी नगड़ा टोली के बलजीत सिंह होड़ा, स्वः चरणजीत सिंह, मंजीत सिंह, इंदर सिंह होड़ा, कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, डॉ एमपी सिंह, डॉ तारण सिंह, हरभजन सिंह सेहरा, हरनाम सिंह विरदी के घरों से होकर गुरुद्वारा साहिब वापस लौटी.



इधर, गुरुनानकपुरा की प्रभातफेरी में शामिल श्रद्धालु कुलदीप सिंह बग्गा, प्रीतपाल के निवास स्थान से होकर परमजीत सिंह भसीन, जतिंदर पाल सिंह भसीन के घर हाजिरी लगायी. इसके बाद आरा गेट के गगन सिंह कोहली के निवास स्थान पर कीर्तन गायन कर सबका मन मोहा. फिर स्टेशन रोड से होटल प्रीत पैलेस, सुरजीत सिंह दुआ, सतपाल सिंह दुआ के होटल से चलकर पीपी कंपाउंड की प्रभात फेरी के साथ मिलकर आरा गेट आये.



**कीर्तन यात्रा के सफल संचालन को लेकर हुई बैठक :** सिख सेवक जत्था की बैठक में रविवार को नगर कीर्तन यात्रा को लेकर चर्चा हुई. साथ ही इसके सफल संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता करते हुए जत्थे के अध्यक्ष कृपाल सिंह ने सभी से इसमें सहयोग करने की अपील की.

अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह सेठी, तिलोचन सिंह, ध्यान सिंह, सुरजीत सिंह सलूजा, रणप्रीत सिंह, डा हरमिंदर बीर सिंह, परमजीत सिंह, ज्योति सिंह मथारु, इकबाल सिंह, परमजीत सिंह चन्ना , मलकीयत सिंह, प्रीतम सिंह बलबीर सिंह चन्ना, परमजीत सिंह भसीन, रणजीत सिंह हैप्पी, जसपाल सिंह, हरदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, राजदीप सिंह छाबरा, तविंदर सिंह, जी डी सिंह, तरसेम सिंह, रणवीर सिंह आदि बैठक में मुख्य रूप से शामिल थे.

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी सुबह सवा पांच बजे स्थानीय गुरुद्वारा, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड से निकली. इसमें शामिल धर्मावलंबी दीन दयाल काठपाल, हरबिन्दर सिंह बेदी,बसंत काठपाल,सरदार गुरमीत सिंह,मनोहर लाल जसूजा की गलियों से होते हुए गुरु कृपा रेसीडेंसी,वैष्णवी अपार्टमेंट्स गई. इसके बाद जीतू अरोड़ा,दिलीप सिंह,भगवान दास मुंजाल,नरेश पपनेजा तथा राजेश मक्कड़ की गलीयों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंच विसर्जित हुई.

इस बीच जगह-जगह फेरी का स्वागत किया गया. श्रद्धालुओं के बीच चाय आदि आदि बांटे गये. सरदार छोटू सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की और मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास कर मंगल कामनाएं की.

### स्त्री सत्संग सभा ने किया शबद गायन

फेरी में स्त्री सत्संग सभा की गीता कटारिया, बबली दुआ, शीतल मुंजाल,मंजीत कौर, रेशमा गिरधर,नीता मिड्ढा, इंदु पपनेजा, बबीता पपनेजा व पाली मुंजाल आदि ने जप मन हर हर नाम नित धिआई... और सतगुर नानक परगटया मिट्टी धुंध जग चानन होआ ... जैसे कई शबद गायन के साथ संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया.

राजधानी में श्रद्धाभाव से मनाया गया गोपाष्टमी महोत्सव

# भक्तिभाव से गोपालकों ने की सेवा

संवाददाता। रांची

कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी को गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया. माना जाता है कि कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से लेकर सप्तमी तक भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण किया था. आठवें दिन इंद्र अहंकार रहित हो श्रीकृष्ण की शरण में क्षमायाचना की थी, तभी से गोपाष्टमी उत्सव मनाया जाता है. सोमवार को राजधानी में भी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. श्रद्धालुओं ने घरों में तो गो माता की पूजा-अर्चना की ही रांची गोशाला में भी इसका खास आयोजन किया गया.

**गो पूजन को गौशाला में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता :** गोशाला न्यास, हरमू रोड का एक दिनी गोपाष्टमी महोत्सव सोमवार को धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया गया. भक्तों ने सुबह से शाम ढलने तक, जहां गौ पूजन और तुला दान किया. वहीं देर शाम आयोजित भक्ति गीतों के कार्यक्रम का भी लुत्फ उठाया. स्वादिष्ट व्यंजन का भी जायका चखा. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे गणेश पूजन से हुई. न्यास के पदाधिकारियों संग श्रद्धालुओं ने गणेश पूजन कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. इसके बाद पूरे दिन गौ पूजन-दर्शन और तुलादान को भक्तों को तांता लगा रहा.

बड़ी संख्या में लोगों ने स्वयं के भार के अनुपात में गो माता के लिए गुड़ आदि का दान दिया. शाम सात बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला. उपाध्यक्ष सह न्यासी रतन लाल जालान, उपाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, उपमंत्री प्रमोद सारस्वत, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार पोद्दार आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.



राजधानी की गोशाला में गायों को गुड़ खिलाते रांची गोसाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार व अन्य श्रद्धालु महिलाएं.

### जुगल व पिंटू ने खूब झुमाया

गोशाला परिसर, हरमू रोड में सोमवार की शाम सात बजे से भक्ति गीतों के कार्यक्रम का खास आयोजन किया गया. इसमें स्थानीय और बाहर से आये भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झुमाया. जुगल दरगड़, तत्सा गुप्ता, महुआ चैनल और सुर संगम में अपनी गायकी का जादू बिखेरने वाले धनबाद के पिंटू शर्मा ने छोटी छोटी गइया छोटे छोटे ग्वाल ... जैसे कई भजन प्रस्तुत कर सब का मन मोहा. जमशेदपुर के सागर मोती म्यूजिकल ग्रुप ने झुमाया.

### गो माता की सेवा को बढ़ रहे हैं हजारों हाथ : पोद्दार

गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने कहा कि गौ माता की सेवा को लेकर जागरूकता बढ़ी है. लोग इसके प्रति संवेदनशील हुए हैं. यही कारण है कि गो ग्रास आदि की सामग्री प्रचुर मात्रा में गौशाला को मिल रही है. हमारा प्रयास रहेगा कि गो माता की सेवा भावना को और लोगों के दिलों में भी स्थापित कर सकें. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गोपाष्टमी मौके पर ही नहीं, अन्य दिनों में भी गौ माता की सेवा को आगे आयें.

**10 स्थानों पर किया गया गो पूजन :** गोपाष्टमी के मौके पर न्यास की ओर से शहर के दस स्थानों पर गौ पूजन का खास इंतजाम किया गया. अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार और मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने बताया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रख इस तरह की व्यवस्था की गयी. इसके लिए सभी स्थलों पर प्रभारी नियुक्त किये गये थे, ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो. चांदनी चौक, श्रीराम गार्डेन, बसंत बिहार कॉलोनी कांके रोड में दीपक सरावगी, पवन बजाज और कुशल थरड को प्रभारी बनाया गया था.

कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में ओमप्रकाश बरेजा, हरिओम टावर सर्कुलर रोड में राजकुमार अग्रवाल, दुर्गा मंदिर, बकरी बाजार में निर्मल मोदी, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेवासदन पथ में किशन साबू, सीएन होंडा शोरूम, रामेश्वरम गली बरियातू रोड में सुनील गुप्ता, ललित कुमार पोद्दार और संजय परशरामपुरिया, ब्लेयर अपार्टमेंट, मेन रोड में प्रकाश हेतमसरिया को प्रभारी नियुक्त किया गया था.

आओ जानें

## पुस्तकें और उनके लेखक

1. "ए बेन्ड इन रिवर" नामक अंग्रेजी पुस्तक किसने लिखी थी? **- वी. एस. नॉयपाल**
2. ब्रीफ हिस्टरी ऑफ़ टाइम" का लेखक कौन है? **- स्टफन हॉकिंग**
3. "हाउस ऑफ़ मि. बिस्वास" नमक उपन्यास का लेखक कौन है? **- वी. एस. नॉयपाल**
4. "अ मिड समर नायेट ड्रीम" का लेखक कौन है? **- विलियम शेक्सपियर**
5. "ए पैसेज टू इंग्लैंड" का लेखक कौन है? **- नीरद सी. चौधरी**
6: "ए पैसेज तो इंडिया" का लेखक कौन है? **- ई. एम.फॉस्टर**
7. किस लेखक की कृति "ए सूटेबल बॉय" है? **- विक्रम सेठ**
8: "ए टेल ऑफ़ टू सिटीज" किसकी कृति है? **- चार्ल्स डिकिन्स**
9. "ए वॉईस ऑफ़ फ्रीडम" नामक पुस्तक किसने लिखी है? **- नयन तारा सहगल**
10. "अग्नि वीणा" किसने लिखी थी? **- काज़ी नजरुल इस्लाम**
11. "आनंद मठ" उपन्यास का लेखक कौन था? **- बंकिम चन्द्र चटर्जी**
12 "एरिया ऑफ़ डार्कनेस "नामक पुस्तक का लेखक कौन है? **- वी. एस. नॉयपाल**

# ईश्वरीय विवि में कार्यक्रम

संवाददाता। रांची

हरमू रोड चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में गोपाष्टमी पर अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया. मौके पर केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि गीता के भगवान शिव अवतरित होते हैं तो वह एक रुद्र गीता ज्ञान यज्ञ अथवा मनुष्य गौशाला खोलते हैं, जिसमें समर्पित मनुष्यात्मा रूपी गउओं का लालन-पालन व ज्ञानामृत पिला कर अथवा ज्ञान रूपी घास-पात खिला कर करते हैं और कामधेनु के समान परोपकारी बनाते हैं. उन्होंने कहा कि गोपाल नाम ब्रह्मा तन में अलौकिक जन्म लेने वाले पुनर्जन्मरहित परमात्मा शिव का है.



## घाटों पर दूध-फल, पूजन सामग्री बांटे



**रांची।** कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन व सच्चिदानंद सहाय की ओर से छठ महापर्व के अवसर पर विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों के बीच फल, दूध, कपूर व अन्य पूजन सामग्री बांटी गई. रविवार को जहां दोपहर से शाम तक पूजन सामग्री बांटी गयी, वहीं सोमवार अहले सुबह 5 बजे फाउंडेशन व सच्चिदानंद नंद सहाय की ओर से बटन तालाब घाट, स्वर्णरेखा तालाब, बड़ा तालाब घाट, सेक्टर 2 तालाब घाट, जगन्नाथपुर तालाब घाट, धुर्वा डैम घाट, रातू तालाब छठ घाट, हेसाग तालाब छठ घाट, भुतहा तालाब छठ घाट आदि में पूजन सामग्री व फल, दूध बांटे गये. झामुमो नेता एवं कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के संयोजक आजम अहमद ने बताया कि छठ घाटों पर फाउंडेशन की ओर से शिविर लगाया गया. फाउंडेशन के सदस्य छठव्रतियों और उनके साथ आये श्रद्धालुओं से जाकर पूजन सामग्री लेने का आग्रह किया.

## छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री बांटी



**रांची।** भारती एकता कमेटी की ओर से महापर्व छठ पूजा के अवसर पर व्रतियों की सुविधा के लिये कमेटी स्थित कार्यालय में रविवार एवं सोमवार दोनों दिन दूध, फल एवं पूजन सामग्री बांटी गई. मौके पर कमेटी के सदस्यों ने शिविर लगने से पूर्व क्षेत्र के छठ पूजा करने वालों को पूजन सामग्री कैंप में बांटे जाने की सूचना दी थी. इस तरह छठव्रतियों ने समय से पूर्व कैंप में पहुंच कर पूजन सामग्री प्राप्त की. मौके पर कमेटी अध्यक्ष मुलाम मुस्तफा, मो नेसार, रामेश्वर राम, एलियस कच्छप आदि शामिल थे.

# चडरी तालाब में हुई भव्य गंगा आरती कल्पना के भजनों पर झूम उठे भक्त



संवाददाता। रांची

राजधानी में छठ घाटों पर हर तरह की तैयारी से लेकर सजावट देखने को मिली. लेकिन राजधानी रांची के बीचो-बीच स्थित चडरी सरना समिति द्वारा चडरी तालाब पर बनारस की तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि छठी मैया के आशीर्वाद सभी पर बने रहे चडरी तालाब में मां विराजती है. सभी की मंगल कामनाएं पूरी करती है. उन्होंने कहा कि छठ पर शॉर्ट मूवी का लोकार्पण किया गया. बनारस के पंडितों द्वारा गंगा आरती की गई. मुंबई से आयी लोकगायिका कल्पना पटवारी ने अपनी प्रस्तुति दी. इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय राज्यसभा सांसद महुआ मांझी रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

वहीं गंगा आरती के बाद प्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना पटवारी ने अपनी छठ गीतों से सभी को भक्तिमय कर दिया. यहां श्रद्धालुओं के लिए गंगाजल और कई सारे पूजन सामग्री का मुफ्त वितरण किया गया. पूरे तालाब को फूल मालाओं से सजाए गए थे. वहीं रंग बिरंगी रोशनियों से चडरी तालाब पूरी तरीके से सराबोर था.

झारखंड में आस्था का महापर्व छठ संपन्न

# व्रतियों ने घर के आंगन-छत पर बनाए 'घाट'

संवाददाता। रांची

प्रदेश भर में लाखों महिलाओं और पुरुषों ने उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया. भक्ति गीतों और पटाखों के बीच 36 घंटे का कठिन उपवास रखने वाले व्रतियों ने राज्य के विभिन्न घाटों व घर के आंगन-छत बनाए कृत्रिम घाट पर 'उषा अर्घ्य' दिया. इससे पहले व्रतियों की द्वारा पूजा सामग्री से भरी टोकरियों को नदियों और अन्य जलाशयों के तटों पर बने घाटों तक ले जाते हुए देखा गया.

चार दिवसीय पर्व 17 नवंबर को 'नहाय खाय' के साथ शुरू हुआ, जब श्रद्धालु और उनके परिवार के सदस्य स्नान के बाद सात्विक भोजन करते हैं. इसके एक दिन बाद 'खरना' होता है जब चावल की खीर और रोटी का 'प्रसाद' परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया जाता है. त्योहार का समापन सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ. जिसके बाद श्रद्धालु फलों और 'ठेकुआ' के साथ अपना उपवास तोड़ते हैं. राहत की बात है कि किसी भी जगह से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. सुरक्षाकर्मियों ने सुबह श्रद्धालुओं की पूजा पूरी करने में मदद की. इस अवसर पर पूरे झारखंड में जलाशयों को साफ किया गया था.



**खास बातें**

- चार दिनी पर्व नहाय-खाय के साथ 17 नवंबर को शुरू हुआ था
- सुबह के अर्घ्य के बाद घाटों पर प्रसाद लेने उमड़े श्रद्धालु

रांची के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कानून-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने बताया कि रांची के सभी छठ घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रविवार को सुबह आठ बजे से रात 11 बजे तक और सोमवार को दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक रांची में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है.

### राजधानी में छठ संपन्न

**रांची।** चार दिनों तक चलने वाला और 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हुआ. इस मौके पर राजधानी रांची के रहने वाले टिंकू सिंह की पत्नी रेणु सिंह हर साल की भांति इस साल भी पूरी पवित्रता के साथ इस पर्व को किया. उन्होंने बताया की पिछले 7 वर्षों से वह छठ कर रही है. इस मौके पर पति टिंकू सिंह ने बताया की इस पर्व में पूरे परिवार एक होकर पूरी पवित्रता और निष्ठा के साथ सारे विधि को संपन्न करते हैं. वही रिंकी सिंह ने कहा कि देश के साथ-साथ विदेश में भी पूरी आस्था के साथ होती है. मौके पर मुकेश सिंह, सोनी सिंह, अनिल सिंह, रिंकी सिंह, आकाश सिंह, बंटी सिंह मौजूद रहे .

**कार्यक्रम** संत पॉल महोपासनालय ने मनाया 150वां जुबली महोत्सव, कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# आनंद मेले का शुभारंभ, लोगों को लुभा रहे 100 स्टॉल

बसंत मुंडा ।रांची

संत पॉल महोपासनालय के 150वें जुबली महोत्सव का समापन सह 60वें आनंद मेले का आयोजन बहुबाजार के निकट चर्च कैंपस में किया गया. सीएनआई चर्च छोटानागपुर डायसिस रांची पेरिश द्वारा इसका आयोजन किया गया था. सोमवार सुबह 8:30 बजे विशेष मिस्सा आराधना का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में रेव सिकंदर नाग उपस्थित थे.

**मेले में 100 स्टॉल लगाए गए :** आनंद मेले का शुभारंभ चर्च के सदस्य हेजेल डेविस और फिलीप पोड़ द्वारा किया गया. इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. मेले के दौरान सरपंच, पूर्व सरपंच, वरिष्ठ सदस्यों व चर्च में विशेष योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया. आनंद मेले में चर्च के सदस्यों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए थे. इनमें गेम्स, कपड़े, शृंगार, सजावट के सामानों के अलावा कई लजीज व्यंजन के स्टॉल लगाए गये थे. लोगों ने लजीज व्यंजन में चाट, अरसा, बिरयानी, चिकन पराठा, केक, पेस्ट्रीज, छिलका रोटी, डुम्बू आदि का लुत्फ उठाया. मौके पर लॉटरी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और किस्मत आजमाया.





**ये शामिल हुए :** पेरिश पुरोहित रेव्ह डेविड एस, सचिव निकोदिम मरांडी, कोषाध्यक्ष जुनुल नाग, संयोजक आइजक रक्षित, रेव्ह समुएल भूइंयाँ, रेव्ह जस्टिन भुइयां, रेव्ह मनसिद्ध ओढ़या, रेव्ह विकास कुजूर, रेव्ह अविनाश बारला, रेव्ह के एम फिलिप,एलिश कच्छप, अलविन तोपनो, अनूप टोप्पो समेत पेरिश सभा सदस्य, सरपंच, यूथ संडे स्कूल सदस्य समेत काफी संख्या लोग शामिल थे. मंच संचालन मनोनीत सोके ने किया, मौके पर अनिता, प्रिया, अमृत व अतीक आदि मौजूद थे.

**मिस्सा पूजा**

- सोमवार की सुबह विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया

### आज समाज के लिए जीवन समर्पित करेंगी संत अन्ना की दो बहनें

**रांची।** कामिल बुल्के पथ स्थित संत अन्ना मदर हाउस में मंगलवार को संत अन्ना की पुत्रियों के धर्म संग रांची की दो धर्म बहन समाज की सेवा जीवनभर करने की प्रतिज्ञा लेंगी. आजीवन व्रत धारण कर अपना पूरा जीवन कलीसिया और समाज के लोगों की सेवा के लिए समर्पित करेंगी. कलीसिया की सेवा में जीवन देने वाली प्रथम बहन अंजलिना सोरेंग व दूसरी बहन जोलजेन सोरेंग हैं. सामूहिक क्रिस्ट के मुख्य अतिथि रांची के बिशप ओदोर मसकरेन्हस अनुष्ठान कराएंगे. मौके पर अंजलिना सोरेंग, जोलजेन सोरेंग के माता-पिता व परिवार के सभी सदस्य शामिल होंगे. यह समारोह संत अन्ना हाउस में सुबह 10 बजे किया जाएगा. इस समारोह में सभी समुदाय धर्मसंघ के लोग शामिल होंगे.

# 91 दिनों से राजभवन के पास धरना दे रहे जेटेट पास शिक्षक

संवाददाता। रांची

झारखंड के टेट पास पारा शिक्षक वेतनमान को लेकर धरने पर बैठे हैं. ये पिछले 91 दिनों से धरने पर हैं. इन टेट पास पारा शिक्षकों की संख्या पूरे झारखंड में 14042 है. 24 जिला के टेट पास पारा शिक्षकों ने ये आपस में तय किया है कि हर दिन 24 में से किसी एक जिले के पारा शिक्षक धरना देने रांची राजभवन आते हैं. इन्होंने 21 अक्टूबर को राजद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया. वहीं 11 नवंबर को जेएमएम कार्यालय के बाहर धरना दिया. समय-समय पर इन्होंने अपनी नाराजगी दर्शाते रहें हैं, लेकिन इनको आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है. इन्होंने दूर्गा पूजा, दिवाली और छठ जैसे पर्व पर भी अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा. इनका कहना है कि जब तक इनकी मांग को नहीं माना जाएगा, तब तक ये धरना से नहीं उठेंगे. पारा शिक्षकों ने ये भी बताया कि वे सत्ता पक्ष के कई विधायकों समेत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिल चुके हैं. बीते जुलाई महीने में टेट पास पारा शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले थे. सबसे पहले ये मोरहाबादी मैदान में एकजुट हुए.

**आंदोलन जारी**

- झारखंड में पारा शिक्षकों की संख्या है 14,042
- हर दिन किसी न किसी जिले के शिक्षक धरने पर बैठ रहे

▼ ब्रीफ खबरें

### बेड़ो पुलिस ने कुएं से किया शव बरामद

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के चरिमा टंगरा टोली के कुएं से सोमवार को एक व्यक्ति का शव बेड़ो पुलिस ने बरामद किया है. मृतक की पहचान गुमला जिला स्थित भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चेंगरी निवासी करीब 60 वर्षीय व्यक्ति भादी उरांव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार भादी उरांव बेड़ो थाना क्षेत्र के खिरदा गांव में मिट्टी देने के लिए आया था. वहीं वापस घर जाने के दौरान कुएं में डूब जाने से उसकी मौत हो गई. इधर, घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया.

### सड़क दुर्घटना में चार घायल,दो रिम्स रेफर

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे हथडुब्बा चिन्द्री पुल के समीप सब्जी बेचकर पैदल घर जा रहे दंपति को एक बाइक सवार ने ठोकर मार दिया. जिससे दंपति व बाइक सवार दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में चरिमा बेड़ो निवासी 45 वर्षीय रंथू उरांव पत्नी 42 वर्षीय अंगनि उराईन व बाइक सवार 21 वर्षीय संदीप उरांव और 21 वर्षीय बिनोद चिक बड़ाइक दोनों टंगरा टोली चिन्द्री बेड़ो गांव निवासी हैं.

### बुंडू में सुबह के अर्घ्य के साथ छठ सम्पन्न

**बुंडू।** बुंडू के सूर्य सरोवर में सोमवार को सुबह के अर्घ्य के साथ सोमवार को छठ महापर्व धूमधाम से सम्पन्न हो गया.हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारी संख्या में रांची, टाटा के साथ झारखंड और बिहार से इस वर्ष भी छठ ब्रतधारी यहां सूर्य सरोवर में छठ मनाने पहुंचे.बुंडू स्थित सूर्य मंदिर के सूर्य सरोवर में छठ महापर्व मनाने की महत्ता ही कुछ और है.संध्या और सुबह केअर्घ्य देने के पश्चात् भक्त तुरंत साक्षात् भुवन भास्कर के दर्शन कर अपने आप को धन्य समझते हैं. इससे उन्हें मनचाहा मुराद भी मिलती है.

### खुर्शीद ने प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी ने खुर्शीद हसन रूमी को प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया है. वहीं खुर्शीद हसन ने व्यक्तिगत कारणों से प्रवक्ता पद स्वीकार नहीं कर अपना इस्तीफा दे दिया है. यह जानकारी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमैर खान ने दी है.

### इटकी के छठ्घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**इटकी।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया. सूर्य को अर्घ्य के समय मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता सन्नी टोप्पो मौजूद थे. उन्होंने भी अर्घ्य दिया. प्रदेशवासियों को लोक आस्था एवं भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी. कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये, यही सूर्य देव एवं छठी मइया से प्रार्थना है.जय छठी मइया "इस दौरान छठ घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. इटकी के प्रमुख छठ घाट बनिया टोली केशरी तालाब में छठ पूजा करने वालों की भीड़ उमड़ी. घाट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ थी.

चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पर ग्रामीण अंचलों छठी मईया के गीत से माहौल भक्तिमय रहा

# बेड़ो में श्रद्धालुओं ने की भगवान सूर्य की आराधना

**संवाददाता। बेड़ो**



चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया. जहां ऐतिहासिक डुकु तालाब के घाट पर व्रतियां और श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया. इस दौरान मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की अहले सुबह छठ घाट पहुंचे और छठव्रतियों से मिले. उन्होंने उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य भी प्रदान किया. वहीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर तुको के छठ घाट पहुंची और अर्घ्य प्रदान किया. इधर झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चन्द्र, मांडर विधानसभा के हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय,सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत,थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम एएसआई अक्षय सिंह सहित कई विशिष्ट लोग भी छठ घाट पहुंचे. विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने छठ महापर्व सभी के लिए सुख- समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोक आस्था और विश्वास का यह महापर्व राज्य के लिए कल्याणकारी हो. वहीं छठ घाट पर प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था रही. इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक से डुकू छठ तालाब के चारों ओर पक्का छठ घाट बनाने एवं तालाब का कायाकल्प करने की मांग की. गली-मुहल्लों में छठ मइया के गीत गुंजायमान रहे. बेड़ो प्रखंड के तुको, खुखरा, केशा, पाकलमेड़ी, खत्रीखटंगा, जहाना,जमनी, पुरियो, जरिया, हुटार, कुदारखो, बारीडीह समेत ग्रामीण इलाके में भी छठ मईया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.इधर रविवार को छठ व्रतियों ने डुकु तालाब में अस्ताच लगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया. अर्घ्य दान को लेकर दोपहर तीन बजे से ही तालाब की ओर व्रती पहुंचने लगे. छठ महापर्व पर सैकड़ों व्रतधारी महिला और पुरूष अपने घरों से दऊरा और सूप में पूजन सामग्री सजाकर डुकु छठ घाट की ओर रवाना होने लगे थे. उनके परिजन एवं मोहल्ले के लोग छठ मइया के गीत गाते हुए उत्साह एवं श्रद्धा के साथ छठघाट पर पहुंच रहे थे.

**खास बातें**

- डुकू छठ तालाब में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी पहुंची
- उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- मैग्सेसे अवार्ड पाने वाले पहले भारतीय कौन थे – विनोबा भावे
- कोरोना काल में दुनिया का सबसे पहला मास्क मुक्त करने वाला देश – इजरायल
- किस शहर को ईश्वर का निवास स्थान कहा जाता है – प्रयाग
- विटामिन ए का रसायनिक नाम क्या है – रेटिनोल
- सांडर्स की हत्या किसने की थी – भगत सिंह
- सीएफडीए फैशन आइकन पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली एथलीट – सेरेना विलियम्स
- 1952 में विशाल कोहरा किस शहर में हुआ था – लंदन
- दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधि का नाम – विजय घाट
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष – विजय लक्ष्मी पंडित
- भारत के किस राज्य का राजभाषा अंग्रेजी है – नागालैंड

विधायक ढुल्लू और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के समर्थक उलझे

# लोयाबाद में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष, चार लोग घायल

**संवाददाता। धनबाद**



घटनास्थल पर पहुंची चार थाना की पुलिस







लोयाबाद में सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. इसमें कम से कम चार से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है. एक घायल को धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दुर्गापुर रेफर कर दिया गया.

उस पर तलवार से हमला किया गया था. वहीं कुछ अन्य घायलों का इलाज धनबाद के एसएनएमएमसीएच में जाने की सूचना है.जानकारी के अनुसार विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के समर्थकों के बीच टकराव हुआ. किन कारणों से दोनों गुटों में संघर्ष हुआ, इसका खुलासा नहीं हो पाया है. लेकिन सूत्रों के अनुसार एक गुट का युवक पकड़ा गया था. वहां उसकी पिटाई कर दी गई.

जब दूसरे गुट को इसकी सूचना मिली तो उन लोगों ने पीटने वाले पर हमला बोल दिया.घटना के बाद चार थानों की पुलिस इलाके में कैंप कर रही है. जिस घायल व्यक्ति को दुर्गापुर रेफर किया गया है, वह विधायक ढुल्लू महतो का समर्थक बताया जाता है. वहीं घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है .

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच**

मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत है. वहीं पुलिस ने मौके से गोली का खोखा भी बरामद किया है. लोगों दबी जुबान से बताया कि मारपीट के दौरान कई राउंड गोली भी चली है .वहीं मामले को लेकर पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है. इस मामले में लोग कुछ भी बोलने से बच रहे है.

**खास बातें**

- एक घायल को दुर्गापुर रेफर किया गया
- 3 अन्य घायलों का इलाज धनबाद में चल रहा है

# लापुंग में उदीयमान सूर्य की हुई आराधना

**संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड के मालगो सहित दर्जनों गांवों में आस्था के महापर्व छठव्रत उत्साह और उल्लास के साथ साथ धूमधाम से समापन किया गया. लापुंग प्रखंड के मालगो, ककरिया, दोलैचा, सेमला, डिंबा, नावाटोली, सरसा, देवगांव, फतेहपुर, लालगंज, सुकुरहुटू, दानेकेरा सहित दर्जनों गांवों में सोमवार की सुबह उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया गया. इस दौरान शंख,घंट,ढोल नगाड़ों की प्रतिध्वनि के बीच भगवान सूर्य नारायण की उपासना की गई. छठमहाव्रत की कथा का वाचन एवं श्रवण किया गया. तत्पश्चात महाआरती और हवन पूजन के बाद छठ घाट में महिलाओं ने अपने खोंईछा में प्रसाद ग्रहण किया. ठेकुआ सहित फलों का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों में होड़ सी मच गई. इस अवसर पर लापुंग प्रखंड के नदी तालाबों में कांच ही बॉस का बहंगी लचकते जाय. उगहु सूरज देव भेल भिनुसार जैसे अनेक गीतों से गुंजायमान रहे. उगते हुए सूर्य को पवित्र जल एवं दूध के साथ पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ अर्घ्य दिया गया . पूजा अनुष्ठान के पश्चात भगवान की महाआरती की गई. छठव्रतियों ने छठ घाट से लौट कर मंदिरों में पूजा अर्चना की और घर लौटकर पारण के साथ अपना उपवास तोड़ा . इसके पूर्व सुहागिन महिलाओं ने छठव्रतियों से अपने माथे पर सुहाग के प्रतीक के रुप में सिंदूर लगवाया.

**खास बातें**

- लापुंग के दूरदराज के इलाकों में दिखी छठ घाट पर भक्ति
- छठ प्रसाद के रुप में ठेकुआ का प्रसाद पाने की होड़

# सेल आरबीयू के समारोह में शामिल हुए अधिकारी

**संवाददाता। रांची**

सेल, रांची बिजनेस यूनिट्स (आरबीयू) में सोमवार को 'सेल विजन स्टेटमेंट' अभियान का पुनः प्रारूपण औपचारिक रूप से शुरू किया गया. सभी आरबीयू के ईडी, सीजीएम और वरिष्ठ अधिकारियों ने एमटीआई के हॉल 2 में समारोह में भाग लिया. जिसका समापन उपरोक्त उद्देश्य के लिए एक प्रश्नावली भरने के साथ हुआ. इस दौरान निर्विक बनर्जी, ईडी प्रभारी (आरडीसीआईएस), आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एसएसओ, एचआरडी का अतिरिक्त प्रभार), वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) और संदीप कर, ईडी (आरडीसीआईएस) ने सत्र में कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया. इस पर एक प्रस्तुति सीजीएम (एचआरडी) संजय धर द्वारा दी गई. वहीं यह कार्यक्रम एसएम जाचुक, सीजीएम (पीएंडए) द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ. बता दें कि आरबीयू के सभी कर्मचारियों की भागीदारी का अनुरोध करने के लिए व्हाट्सएप, ई-मेल, आरबीयू के पोर्टल आदि जैसे सभी जन संचार मंचों पर एक ही प्रश्नावली प्रसारित की गई थी. इसमें सेल जैसे महारत्न पीएसयू का विज़न स्टेटमेंट समकालीन बिजनेस इकोसिस्टम के साथ सावधानीपूर्वक विकसित किया जा रहा है.

### अवैध कोयला लदे 7 ट्रक जब्त, पांच गिरफ्तार हुए

**गिरिडीह:** गिरडीह पुलिस ने बगोदर से अवैध कोयला लदे 7 ट्रकों को जब्त करते हुए इनमें से पांच के चालकों को गिरफ्तार किया है. दो ट्रक चालक पुलिस को देख गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए. बताया जाता है कि गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा को बीते 18 नवंबर को कोयला तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी. एसपी के निर्देश पर बगोदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 चालकों को दबोच लिया. बगोदर सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम और डुमरी एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीटी रोड पर वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया.

# व्यवसायियों में नियमावली बनाने की प्रक्रिया पर रोष



**संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक चैंबर भवन में सोमवार को हुई. इसकी अध्यक्षता किशोर मंत्री ने की. बैठक झारखंड राज्य कृषि उपज व पशुधन विपणन विधेयक, 2022 पर हुई. रांची चैंबर अध्यक्ष संजय माहुरी एवं विभिन्न जिलों के चैंबर अध्यक्ष संग वार्ता हुई. बताया कि मिली जानकारी के अनुसार, कृषि शुल्क नियमवाली बनाने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है. जबकि पुनः मंडी शुल्क लगाने की कवायद शुरू हो रही है. जबकि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि नियमावली नहीं बनाई जाएगी, या फिर कोई ऐसा शुल्क नहीं लगेगा, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिले. नियमावली बनाने की प्रक्रिया पर व्यवसायियों में रोष है. मौके पर झारखंड चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष राहुल साबू, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, साहित्य पवन आदि शामिल थे.

# सदभावना फुटबॉल: फाइनल 3 को

**संवाददाता। रांची**



कामिल बुल्के पथ ( पुरलियां रोड ) स्थित लोयला मैदान में फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. सद्भावना मैच में रांची शहर से कुल14 टीमों ने भाग लिया. इस आयोजन में पहले क्वार्टर फाइनल मैच में अलबर्ट कंपाउंड की टीम ने टमटम टोली की टीम को 2-0 गोल से पराजित किया.दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में ढूमसाटोली की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी टीम के फॉल्ट में मिले पेनाल्टी किकआउट का फायदा उठाते हुए कोनका सिरोम टोली को 1-0 से हराया.सेमीफाइनल मैच बर्दवान कंपाउंड और पथलकुदवा के बीच ड्रॉ रहा. अंत में टाई ब्रेकर हिट में पथलकुदवा की टीम पिछले विजेता बर्दवान कंपाउंड को 2 -1 से हराया. दूसरे सेमी फाइनल मैच ढूमसा टोली और अलबर्ट कंपाउंड के बीच खेला गया. जिसमें अलबर्ट कंपाउंड की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की.मंगलवार के पहले मैच में पल्ली पुरोहित श्रद्धेय आनंद डेविड खलखो भी उपस्थित थे.टूर्नामेंट का फाइनल मैच तीन दिसंबर दिन खेला जाएगा. सेमीफाइनल के विजेता टीम क्रमश पथलकुदवा और अलबर्ट कंपाउंड की टीम के बीच खेला जायेगा. टूर्नामेंट के तीसरे स्थान के लिए तीन दिसंबर को ही दोपहर1बजे से बर्दवान कंपाउंड और ढूमसाटोली के बीच होगा. आयोजन को सफल और रोचक बनाने के प्रयास में जुटे सुनील लकड़ा,चैयरमैन रांची जिला फुटबॉल संघ,अजय टोप्पो अध्यक्ष, खेल समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए. फादर दीपक बाड़ा,जूलियन,सचिन,जॉन, सूचित, सुनील खलखो, जोसेफ तिग्गा रेफरी और उनकी टीम, स्वयं सेवकों में लुईस, प्रशांत, मंजीत, अश्विन, सन्नी, निशांत , अनमोल आदि ने लगातार योगदान दिया.

# मुरी-सिल्ली में चार दिवसीय छठ महापर्व हर्षोल्लास संपन्न

**संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को सूर्योपासना का चार दिवसीय पर्व छठ हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ. रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहलाअर्घ्य अर्पित करने के साथ व्रतियों ने सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य विधि विधान पूर्वक दिया. व्रतियों ने अनुष्ठान के दौरान अपने परिजनों के साथ अन्य लोगों की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की . इस अवसर पर मुरी स्वर्णरेखा नदी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. मुरी स्वर्ण रेखा नदी में हिंडालको तथा सिल्ली साहेब बांध व लौतन बांध में गूंज परिवार के ने छठव्रतियों की सुविधा के लिए घाटों की साफ-सफाई तथा विद्युत साज सज्जा की थी.वहीं, मुरी के अलावा सिल्ली के साहेब बांध, देवान बांध, सोलपोखर तथा बंता, पतराहातु, लोटा, हलमाद, बांसारुली, रामपुर आदि के छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने नदी एवं तालाबों में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया.

### सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व संपन्न

**मांडर/चान्हो :** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया . सूर्य को अर्घ्य के समय मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता सन्नी टोप्पो मौजूद थे उन्होंने भी अर्घ्य दिया . व प्रदेश वासियों को लोक आस्था एवं भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी . और कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये, यही सूर्य देव एवं छठी मइया से प्रार्थना है . इटकी के प्रमुख छठ घाट बनिया टोली केशरी तालाब में छठ पूजा करने वालों की भीड़ उमड़ी . घाट पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ थी . अर्घ्य देने के बाद घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से ठेकुआ का प्रसाद प्राप्त किया .इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रखंड प्रशासन मुस्तैद रहें .

**आस्था** भक्तों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति से अर्पित किए श्रद्धा सुमन

# विभाश्री माता जी के पिच्छिका परिवर्तन समारोह में उमड़े जैनी

**राज बॉबी। रांची**



आर्यिका 105 विभाश्री माता जी के ससंघ पिच्छिका परिवर्तन समारोह में बड़ी संख्या में दिगंबर जैन धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया. समारोह के समापन के बाद धर्मावलंबियों से विदा ले माता जी पदयात्रा करते हुए पारसनाथ के लिए प्रस्थान कर गयीं. इससे पूर्व दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड में रविवार को समारोह की शुरुआत सुबह आठ बजे मंगलाचरण से हुई. श्रद्धालु थारी सूरत लागी प्यारी.

पिच्छी री पिच्छी, देखो देखो ये है पिच्छी,पिच्छी की महिमा. जैसे गीत पर नृत्य करते हुए अपने गुरुमाता के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. इसके बाद समाज के अध्यक्ष नरेंद्र जी गंगवाल ने चातुर्मास काल में कार्यकर्ताओं के सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया. समारोह में माताश्री को नई पिच्छिका प्रदान की गई.

### जैन साधु-साध्वियों की पहचान है पिच्छिका

विभाश्री माता जी ने उपस्थित धर्मावलंबियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि चार माह के दौरान समाज ने जिस तरह सभी कार्यों को उत्साह और उमंग के साथ किया, वह सराहनीय है . उन्होंने कहा कि जैन धर्म में पिच्छिका का बड़ा महत्व है . इसके बिना कोई मुनि नहीं हो सकता . माताश्री ने कहा कि यह उपकरण ( पिच्छी और कमंडल) जैन साधु और साध्वियों की पहचान चिह्न है . इनमें से पिच्छी यदि किसी कारणवश छूट जाती है या गुम हो जाती है, तो जैन साधु एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाता है, क्योंकि इससे जीवों की हिंसा का दोष लगता है . इसलिए इसका महत्व है .

### इन्हें मिला शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य

समारोह के मौके पर पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य धर्मचंद जैन रारा, पारस जी, अशोक जी पाटोदी परिवार को मिला . आरती का सौभाग्य धर्मचंद जी सुनील कुमार, गिरिश जी रारा को मिला .

**पेज एक का शेष**

### तस्करों ने कोयला तस्करी का ट्रेंड बदला...

पुलिस सबकुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे रहती है, क्योंकि कोल तस्कर पुलिस प्रशासन को भी उपकृत करते रहते हैं. कोयला तस्कर कोयले की काली कमाई से खुद तो मालामाल हो ही रहे हैं, पुलिस प्रशासन को भी हर माह मोटी रकम पहुंचा रहे हैं, ताकि अवैध कारोबार फलता फूलता रहे.

सूत्रों के अनुसार निरसा की ही एक फैक्ट्री से हर माह करीब डेढ़ करोड़ के अवैध कोयले का कारोबार होता है. बड़ी राशि होने के कारण क्षेत्र के कोयला तस्कर रणनीति के तहत संगठित होकर रणनीति के तहत एक थाना क्षेत्र के एक ही उद्योग में कोयला तस्करी का काला खेल खेल बेखौफ खेल रहे हैं, बताते चलें कि राजनीतिक दबाव के कारण गरीब लोगों साईकिल से कोयला ढोने वालों को कुछ छूट मिली हुई है, पर इसका फायदा कोयला चोर व तस्कर उठा रहे हैं. तस्करों ने साईकिल व मोटरसाईकिल गैंग ही तैयार कर लिया है, ताकि उनके सहारे छोटे-छोटे स्तर पर फैक्ट्री में कोयला जमा कर उसकी सप्लाई कर सकें. ईसीएल की विभिन्न वैध-अवैध खदानों से चोरी किया कोयला साईकिल व मोटरसाईकिल के जरिए निरसा, कालूबथान व मैथन स्थित नामचीन कोयला आधारित फैक्ट्रियों में पहुंचाया जा रहा है. फिर वहां से कोयले को ट्रकों के माध्यम से बंगाल भेजने का क्रम बदस्तूर जारी है. रात ढलते ही कोयला तस्करों का खेल भी शुरू हो जाता है और पौ फटने से पहले खत्म हो जाता है.

